तापमान
अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त , 2025

11 गांव मसूदपुर में किए दो सौ पौधे किए रोपित



12 ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस की बड़ी कामयाबी



## खबर संक्षेप

### गुजवि में रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग 29 को

**हिसार।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न शैक्षणिक कोर्सों में रिक्त सीटों पर दाखिले के विद्यार्थियों को एक और मौका दिया है। रिक्त सीटों में 29 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग होगी। इन सीटों पर दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी सीधे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने संबंधित कोर्सों में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में पहले से आवेदन दाखिल किया हुआ है। उन्हें नया आवेदन दाखिल करने वाले की तुलना में प्राथमिकता मिलेगी।

### हनुमान मंदिर में गणेश चतुर्थी महोत्सव आज से

**हिसार।** जवाहर नगर, गली नंबर दो स्थित हनुमान मंदिर में चतुर्थ गणेश चतुर्थी महोत्सव 27 अगस्त से आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान इंद्र चंद राठी ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। 28 अगस्त से रोजाना सायं 4 बजे गणेश पूजन एवं संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आरती सायं 6 बजे होगी। समापन पर मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आजाद नगर नहर पर पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

### अग्रोहा मेले में श्रीकुमार स्वामी महाराज आएंगे

**हिसार।** इस वर्ष का अग्रोहा धाम वार्षिक मेला 7 अक्टूबर को भव्यता और आध्यात्मिक माहौल के साथ आयोजित किया जाएगा। इस पावन अवसर पर अनंत श्रीविभूषित जगद्गुरु महामंडलेश्वर श्रीकुमार स्वामीजी महाराज मुख्य अतिथि के रुप में आएंगे। उनकी पावन उपस्थिति से मेले की गरिमा और बढ़ेगी। इसी दिन सायंकाल आग्रोहा धाम में श्रीमहाराज के सान्निध्य में "प्रभु कृपा समागम" का दिव्य आयोजन संपन्न होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रभु नाम की अनवरत धारा का अनुभव करेंगे।

### पुरानी सब्जी मंडी चौक से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी चौक स्थित पार्क और पुरानी सब्जी मंडी चौक से लेकर मुलतानी चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने बस स्टैण्ड के बाहर अतिक्रमण की मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए वहां से अतिक्रमण हटाया गया। टीम ने एचएयू गेट नम्बर 4 के सामने से अतिक्रमण हटाया। वहीं मेन रोड कैमरी रोड व आजाद नगर से भी अतिक्रमण हटाया गया।

### दिल्ली के विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगी मिड-डे-मील वर्कर्स

**हिसार।** मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की प्रधान राजबाला व जिला सचिव पार्वती ने कहा कि एआईयूटीयूसी ऑल इंडिया कमेटी के आह्वान पर आगामी 4 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन व धरने में हरियाणा भर की मिड-डे मील कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर शामिल होंगी और अपनी आवाज केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगी। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए दोपहर का भोजन पकाने, बच्चों को खाना खिलाने से बर्तन आदि साफ करने में पूरा दिन लग जाता है।

### एडवोकेट श्रवण को मिलेगा ग्लोबल मॉडल अवार्ड

**हिसार।** सेक्टर-14 निवासी एडवोकेट श्रवण वर्मा को समाज में शिक्षा, खेल, संस्कृति और सिक्योरिटी क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें 5 अक्टूबर को श्रीनगर में होने वाले समारोह में ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। एडवोकेट श्रवण वर्मा मूलरूप से जींद जिले के ईंटल कलां गांव के रहने वाले हैं, अब वो लंबे समय से वे हिसार के सेक्टर-14 में निवास कर रहे हैं।

# तीन दिन से हो रही बारिश के चलते जिले के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बने

## डीसी अधिकारियों के साथ फील्ड में उतरे, बरसाती पानी निकासी के दिए निर्देश

अगस्त माह के अंत तक मानसून के सक्रिय रहने की संभावना

■ एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव, लोग घरों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण जनजीवन पर व्यापक असर देखने को मिला है। जिले के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए है। बरसाती पानी की उचित निकासी के अभाव में लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। गांव सुलखनी, राजली, मिर्जापुर, बुगाना समेत कई गांवों में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। गांव मय्यड़ में एक मजदूर की छत गिरने से मलबा में सारा सामान दबकर खराब हो गया। गांव शिकापुर की तरफ जाने वाली सड़क के बीचों बीच बिजली का पोल गिरने से वहां से आवागमन बंद हो गया और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत उठानी पड़ी। गांव शाहपुर में रात को कबीर माइनर टूटी गई। गांव रावतखेड़ा में भी माइनर टूटने से कई एकड़ में खड़ी फसलें डूब गई।

उधर, तीन दिनों से चल रही बारिश के चलते बिगड़े हालातों को जायज लेने के लिए डीसी अनीश यादव अधिकारियों की टीम के साथ फील्ड में उतरे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बरसाती पानी निकालने के तुरंत निर्देश दिए। पिछले 24 घंटे में हिसार में 10 एमएम, हांसी में 18, आदमपुर में 16, बरवाला में 25, बास में 5, खेड़ी जाबल में 4, उकलाना में 31, बालसमंद में 16 तथा नारनौंद में तहसील में 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। लगातार तीनों दिनों से हो रही बारिश के चलते अधिकतम पारे में भी गिरावट आई। गत 22 अगस्त को अधिकतम पारा 37 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा था, जोकि तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण गिरकर 27 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 28 अगस्त को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से और बंगाल की खाड़ी पर बने सुस्पष्ट कम दबाव क्षेत्र के असर से हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर अगस्त महीने के अंत तक मानसून सक्रिय बना रहेगा। जानकारी के अनुसार सुलखनी गांव के सरकारी स्कूल की मुख्य गली के सामने गली में दो-दो फुट पानी जमा हो गया। आंगनबाड़ी केंद्र में अढ़ाई से 3 फुट पानी घुस गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कर्मी वहां से सामान भी नहीं निकाल पाई।इसके अलावा इंदिरा आवास कॉलोनी में कई घरों में पानी घुस गया। ग्रामीण अपने सामान को बाहर निकाल कर दूसरों के घर पर शरण लिए हुए हैं। गांव मखन व बाबूलाल ने आरोप लगाया कि पहले ही निकासी के प्रबंधन किए होते तो ये हालात पैदा नहीं होते। हालांकि ग्राम पंचायत की तरफ से ट्रेक्टर और बर्मा लगाकर पानी निकासी के प्रबंध किए गए हैं। दूसरी तरफ जलघर में पानी न घुस जाए इसको लेकर भी मजदूरों की मदद से मिट्टी का बांध लगाया गया है।



सुलखनी स्कूल गेट के आगे की गली में बारिश का पानी



आंगनबाड़ी में घुसा पानी



मजदूर के मकान की छत गिरी



माइनर टूटने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण



गांव राजली की बस्ती में भरा बरसाती पानी

### गांव राजली की गरीब बस्ती जलमग्न

*बरवाला : गांव राजली की गरीब बस्ती बारिश में जलमग्न हो गई है जिसके चलते इस बस्ती में रहने वाले ग्रामीणों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड रहा हैं। पानी घरों में घुस जाने के कारण सैकड़ों मकानों में दरारें आ चुकी हैं और कई मकान गिरने की कगार पर हैं। कई परिवार मजबूरी में अपने टूटे-फूटे मकान छोड़कर बोरिया बिस्तर समेटकर अन्य स्थानों पर चले गए हैं। बस्ती में रहने वाले ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि इस बस्ती से दूषित बरसाती पानी को तुरंत बाहर निकाला जाए और स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाए।*

### बरसाती पानी से लबालब बरवाला का नागरिक अस्पताल




*बरवाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल की हालत बद से बदतर हो गई है। लगातार तीन दिनों से हो रही बरसात ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को पूरी तरह से ठप्प कर दिया है। अस्पताल के पूरे ग्राउंड से लेकर वार्ड, ओपीडी, लैब, कार्यालय और यहां तक कि ऑपरेशन थिएटर तक में बरसाती पानी घुस गया है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल प्रशासन ने ओपीडी सेवाएं बंद कर दी हैं और दाखिल मरीजों को नागरिक अस्पताल हिसार और अग्रोहा मेडिकल में रेफर किया गया है। अस्पताल के भीतर बरसाती पानी इतना भर चुका है कि मरीजों और उनके परिजनों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। यहां तक कि आज स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की ट्रेनिंग भी निर्धारित थी, लेकिन जलभराव के कारण उसे रद करना पड़ा। इस बारिश की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल की एक बड़ी दीवार भी टूट गई जिसकी वजह से अस्पताल प्रशासन और मरीजों को बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सीएचसी में जलभराव की कोई नई समस्या नहीं है। अस्पताल प्रशासन द्वारा इस बारे में एसडीएम को सूचित किया गया। एसडीएम के आदेश पर एसडीओ रण सिंह ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए जेसीबी को मौके पर भेज कर टूटी हुई दीवार की जगह पर मिट्टी की भरत करवाई तब जाकर पानी अस्पताल में आना जाना कम हुआ।*

### डीसी ने शहर की स्वच्छता को लेकर विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



*हिसार। शहर में स्वच्छता की स्थिति जानने के लिए उपायुक्त अनीश यादव ने नगर आयुक्त नीरज व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों का दौरा किया। स्वच्छता के साथ-साथ उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को स्वच्छता के दृष्टिगत ऐसे सभी स्थानों की सूची बनाकर पूर्ण गंभीरता से कार्य करने हिदायत दी, जहां गंदगी फैली है। उपायुक्त ने स्वयं ऐसे स्थानों पर जाकर स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की और निगम अधिकारियों को एक-एक स्थान नोट करवाया। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में उपायुक्त अनीश यादव ने विशेषकर पुराने शहर के विभिन्न क्षेत्रों पर फोकस करने के निर्देश दिए। महावीर कॉलोनी, ढ़ाणी बड़वाली, चंदुलाल गार्डन क्षेत्र, सब्जी मंडी, सेक्टर 33 सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का गहन निरीक्षण करते हुए उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर सफाई प्रबंधन, कूड़ा निस्तारण एवं शहरी सौंदर्यीकरण को लेकर निर्देश जारी किए। प्रत्येक क्षेत्र में सुबह के समय वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सफाई व्यवस्था मॉनिटरिंग करेंगे ताकि कार्यों में कोई ढिलाई न हो। उन्होंने कहा कि जहां भी अस्वच्छता मिलेगी, वहां के अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण में केवल सफाई ही नहीं बल्कि सीएंडडी वेस्ट निस्तारण, नालों की नियमित सफाई, मुख्य सडकों पर अवैध कब्जों को हटाने, टूटे हुए रास्तों की मरम्मत तथा शहर को आकर्षक बनाने के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की जाएगी।*

### भवन निर्माण कामगार यूनियन ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

# मजदूरों का पंजीकरण अस्थायी तौर पर बंद करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीटू से संबंधित भवन निर्माण कामगार यूनियन की जिला कमेटी ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया।

लघु सचिवालय के मुख्य गेट को पुलिस ने बंद कर दिया तो मजदूर गेट पर ही बैठ गए और सरकार के श्रम मंत्री व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान वेदप्रकाश ने की व संचालन वीरेंद्र दुर्जनपुर व राकेश गंगवा ने किया। मुख्य वक्ता में राज्य के प्रधान मनोज कुमार सोनी, राज्य नेता कश्मीर सिंह, सीटू जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला प्रधान वेद प्रकाश, उप प्रधान राजू बरवाला ने कहा कि विभाग द्वारा सभी निर्माण मजदूरों का पंजीकरण अस्थाई तौर पर ब्लाक कर दिए गए है। इसके पीछे तर्क दिया गया है कि फर्जी तरीके से 90 दिन की वैरीफिकेशन की गई है जबकि 90 दिन की वैरीफिकेशन में मजदूर का कोई कसूर नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में मजदूरों के लाभ न रोके जाएं।



हिसार। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते मजदूर।

# पूर्व मंत्री डॉ. गुप्ता ने सीएम सैनी को सौंपा शहर के विकास से जुड़ी मांगों का ज्ञापन

■ आधारभूत संरचना, शिक्षा, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए रखी 12 प्रमुख मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने शहर के विकास को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में पूर्व मंत्री ने शहर की आधारभूत संरचना, शिक्षा, यातायात, न्यायिक व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 12 प्रमुख मांगे रखी।

उन्होंने कहा कि हिसार शहर शिक्षा, उद्योग और व्यापार का प्रमुख केंद्र होने के बावजूद अभी भी कई क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं रखता है। यदि सरकार प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को लागू करे तो हिसार पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श स्मार्ट सिटी के रूप में उभर सकता है। मांग पत्र में प्रदेश का पहला आईआईटी केंद्र हिसार में खोलने, मलिक चौक फाटक से घोड़ा फार्म फाटक तक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनाया बनाने, डाबड़ा चौक के पास रेलवे अंडरब्रिज तथा निरंकारी भवन के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण, शहर में आईसीसीसी सेंटर स्थापित करने, महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे को फेज-2 का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने, मल्टीपर्पज इनडोर स्टेडियम का निर्माण करने, ट्रांसपोर्ट नगर/सैक्टर बसाने, नया नागरिक अस्पताल परिसर बनाने, नया महिला अस्पताल परिसर तैयार करने तथा हिसार में हाई कोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग की। इन मांगों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने की मांग की।



हिसार। सीएम नायब सैनी को मांग पत्र सौंपते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

### मेयर ने नागरिकों के कार्य तीव्रता से करने के दिए निर्देश

# प्रवीण पोपली ने किया जन्म-मृत्यु शाखा और नागरिक सुविधा केन्द्र का निरीक्षण

एक माह में फाइलों के निपटान करने के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में नागरिक सुविधा केन्द्र और जन्म-मृत्यु शाखा का किया निरीक्षण। इस दौरान कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा और यूनियन प्रधान सुरेन्द्र मौजूद रहे। सबसे पहले मेयर नागरिक सुविधा केन्द्र पहुंचे।

इस केंद्र से प्रॉपर्टी टैक्स से संबन्धित सभी फाइलें ऑनलाइन की जाती है। मेयर प्रवीण पोपली ने पूरी प्रक्रिया जानी और मौजूद कर्मचारियों को नागरिकों के कार्य तीव्रता से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन फाइल लगाने से पहले उनके कागजात की पूर्ण जांच करके ही फाइल लगाएं ताकि उनका कार्य जल्द हो सके। मेयर प्रवीण पोपली ने जन्म-मृत्यु शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर ने कहा कि मेरे कार्यालय में आने वाले नागरिकों का कहना हैं कि उनके कार्य में देरी हो रही है। इस बारे में उन्होंने कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि जन्म-मृत्यु शाखा में कोई भी फाइल आरटीएस से बाहर नहीं है।



हिसार । नगर निगम की जन्म-मृत्यु शाखा का निरीक्षण करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ।

#### 1400 फाइलों पर कार्य चल रहा

कर्मचारियों के मुताबिक जन्म-मृत्यु शाखा में सुधार करवाने की लगभग 700 फाइल है, एनएसी के फाइलें लगभग 1400 और नाम दर्ज की लगभग 1400 फाइलें है जिन पर कार्य चल रहा है।

इसको लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने अगले एक माह में फाइलों के निपटान करने के आदेश दिए। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि इसके लिए जन्म-मृत्यु शाखा में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।



हिसार। बाबा रूपाई नाथ अखाड़ा मुकलान में महायज्ञ शाला आधारशिला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देते हुए।

### बाबा रूपाई नाथ अखाड़ा मुकलान में महायज्ञ शाला की आधारशिला रखी

**हिसार।** गांव मुकलान में बाबा रूपाई नाथ अखाड़े में महायज्ञ शाला की आधारशिला कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा ने रखी। इस आयोजन की अध्यक्षता अटल वेलफेयर सोसायटी ने की। सोसायटी के अध्यक्ष नरेश जांगड़ा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बाबा रूपाई नाथ अखाड़े के संचालक बाबा मंगलाई नाथ ने मुख्य अतिथि के साथ यज्ञशाला की नींव रखने योगदान दिया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजेश जाखड़ ने मुख्य अतिथि तथा गणमान्य लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर हिसार द्वितीय ब्लॉक के बीडीसी चेयरमैन अजय गावड़, सुनील कुमार, बलराज सिंह सहारण, देवा गांव के सरपंच प्रतिनिधि जयवीर सिंह जांगड़ा, ईश्वर सिंह नंबरदार, अनूप कुमार मुकलान, कृष्ण कुमार हिंदुस्तानी, ओमप्रकाश खत्री, कुलदीप सिंह बेनीवाल, जाति राम कालीरावणआदि मौजूद रहे।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style



# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आईं हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।


कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा



**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं। वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका



**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## खबर संक्षेप



### आने वाला समय उद्यमिता का : डॉ. मनीश्रेष्ठ

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. परविंद्र दलाल ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत हुआ जिसका थीम रहा-छोटा कोई काम नहीं, हुनर से ही नाम सही। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल आफ बिजनेस से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीश्रेष्ठ ने मुख्य वक्ता के तौर पर कहा कि आने वाला समय उद्यमिता का है। युवा विद्यार्थी बिना किसी बड़े पूंजी निवेश के अपने स्टार्टअप की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने स्टार्टअप संस्कृति के पहलुओं से अवगत कराया।

### माजरा स्कूल के छात्रों को किया जागरूक

**नारनौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा में मंगलवार को एएसआई दीपक कुमार ने विद्यार्थियों एवं स्कूल के स्टाफ को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। कम्यूनिटिंग पुलिस इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार ने कहा कि साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया पैंतरा सामने आया है। साइबर ठग कुछ रकम आपके खाते में भेजते हैं। मैसेज आने के बाद व्यक्ति तुरंत अपना बैलेंस चैक करने के लिए अपना यूपीआई अकाउंट खोलता है। पैसे के साथ उस ठग द्वारा पैसे ट्रांसफर की रिक्वेस्ट भी भेज रखी होगी। बैलेंस चैक करने के लिए जैसे ही व्यक्ति अपना पिन डालता है। पिन डालते ही पैमेंट रिक्वेस्ट अपने आप स्वीकृत हो जाएगी और उसके खाते से पेमेंट हो जाएगी।

### आग लगाने के मामले मे दूसरा आरोपी काबू

**नारनौंद।** गांव गुराना के शराब ठेके में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने वाले मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकित उर्फ भालू निवासी गुराना के रूप में हुई है। सब इंस्पेक्टर महेंद्र ने बताया कि आरोपित युवक अंकित उर्फ भालू ने अपने साथी के साथ मिलकर 17 अगस्त की रात के समय करीब 11 बजे गांव गुराना के शराब ठेके में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी और मौके से भाग गए थे।

### चोरी मामले में उद्घघोषित अपराधी गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चोरी मामले में उद्घघोषित आरोपी सिसाय पुल निवासी विक्की को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी देते हुए पीओ स्टाफ इंचार्ज आशा राम ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा थाना शहर हांसी में दर्ज चोरी के एक मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया था।

### गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में गणित पर कार्यक्रम

**आदमपुर।** गुरु द्रोणाचार्य इंटरनेशनल स्कूल में गणित विषय पर एक विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का अद्भुत प्रदर्शन किया। सबसे पहले कक्षा पांचवीं के छात्र वनिज ने कोण और रेखाएं विषय पर स्पष्ट एवं रोचक प्रस्तुति दी। सरल भाषा और सुंदर उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने कठिन लगने वाले अध्याय को बहुत ही सहज बना दिया।

### मदर्स प्राइड स्कूल में कला महोत्सव आयोजित

**आदमपुर।** मदर्स प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में एक दिवसीय खंड स्तरीय कला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मदर्स प्राइड कान्वेंट विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आदमपुर के बीईओ ईश्वर जांगड़ा, विशिष्ट अतिथि प्रताप जांगड़ा और महावीर चालिया पहुंचे। इनका विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्य ने स्वागत किया।

---

### हिसार-बालसमंद-भादरा रोड को नेशनल हाइवे से जोड़ने की मांग

# विधायक चंद्रप्रकाश ने विस में उठाए जनहित के कई मुद्दे

**बरवाला- अग्रोहा- आदमपुर-भादरा रोड को भी एनएच से जोड़ें**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक चंद्रप्रकाश ने जोरदार ढंग से जनहित के मुद्दे उठाकर जनता को राहत पहुंचाने की मांग की।

उन्होंने बारिश से बर्बाद फसलों, खाल की मरम्मत, सड़कों को नेशनल हाइवे से जोड़ने एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। चंद्रप्रकाश ने स्पष्ट किया कि भारी बारिश व ड्रेन के ओवरफ्लो से आदमपुर हलके के बहुत से गांवों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं।

**चंद्रप्रकाश ने स्पष्ट किया कि भारी बारिश व ड्रेन के ओवरफ्लो से आदमपुर हलके के बहुत से गांवों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं**

उन्होंने विधानसभा में बताया कि आर्य नगर, पातन, सीसवाल, कोहली, लाडवी, दड़ौली, चूली खुर्द, चूली कलां, चूली बागडियान, बालसमंद, सदलपुर, किशनगढ़ व खारा बरवाला सहित बहुत से गांव बारिश में बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इस कारण किसान बुरी तरह हताश और निराश हैं।

सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्बाद फसलों के लिए कम से कम प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा किसानों को प्रदान करना चाहिए।

उन्होंने विधानसभा में कहा कि आदमपुर हलके की कई सड़कों का अभी निर्माण होना है। इसलिए हिसार-बालसमंद-भादरा रोड एवं बरवाला- अग्रोहा- आदमपुर-भादरा रोड को नेशनल हाइवे से जोड़ना चाहिए। इन सड़कों राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने से आदमपुर क्षेत्र में व्यापार, रोजगार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी और नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। इतना ही नहीं आसपास के क्षेत्र भी इससे काफी लाभान्वित होंगे। उन्होंने हिसार में स्थित महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने और नए अस्पताल के निर्माण की मांग भी की।

### शहर में सीवरेज जाम की समस्या गंभीर : जिंदल

**हिसार।** हिसार की विधायक सावित्री जिन्दल ने विधानसभा सत्र में हिसार शहर की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से त्वरित कार्रवाई कराए जाने की अपील की है।



उन्होंने कहा कि हिसार प्रदेश का एक महत्वपूर्ण शहर है और यहां की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाना बेहद आवश्यक है। सावित्री जिन्दल ने विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि सेक्टर-33 में प्रस्तावित पावर हाउस का निर्माण शीघ्र पूरा होना जरूरी है ताकि बिजली आपूर्ति बेहतर हो सके और आम जनता को बार-बार हो रही कटौतियों व बिजली संकट से राहत मिले। इसके साथ ही हिसार का टीबी अस्पताल जर्जर अवस्था में है, जिस पर तुरंत ध्यान देकर दुरुस्त कराया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहर के कई इलाकों जैसे ऑटो मार्केट, सैनियान मोहल्ला, विवेक नगर, मिल गेट, कृष्णा नगर, अर्बन इस्टेट, इण्डस्ट्रियल एरिया में सीवरेज जाम की समस्या अत्यंत गंभीर हो गई है। इसी प्रकार महावीर स्टेडियम में जल भराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिसके कारण खेल प्रतिभाओं को परेशानी हो रही है। उन्होंने ट्रैफिक जाम की समस्या को भी बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि सिविल अस्पताल से रेड स्क्वेयर मार्केट तक एलिवेटेड रोड का निर्माण समय की मांग है।

---

# अलमारी का ताला ठीक करने वाले गहने ले उड़े



**हिसार।** अर्बन एस्टेट-टू में एक बुजुर्ग दंपति के घर में गहने चोरी के संदिग्ध आरोपी सीसीटीवी में कैद।

- रिटायर्ड कर्मचारी के घर में दो युवकों ने की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ताला-चाबी ठीक करने वालों ने अर्बन एस्टेट-टू में एक बुजुर्ग दंपत्ति के यहां से लाखों के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात को अंजाम देने वाले सीसीटीवी में कैद हो गए है। फिलहाल मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में अर्बन एस्टेट-टू के मकान नं. 1372ए में रहने वाले बिजली निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारी कृष्णलाल ने बताया कि सोमवार दोपहर लगभग दो बजे के आसपास दो युवक साइकिल पर ताला-चाबी ठीक करवाने की आवाज लगा रहे थे। मैंने उन्हें अपनी अलमारी का ताला ठीक करने के अंदर बुला लिया। कृष्ण लाल ने बताया कि वह कमरे में ही पास बैठे थे लेकिन जब उन्होंने ताला ठीक करने के लिए अलमारी का दरवाजा खोला तो उन्हें दरवाजे की ओट हो गई और उन्हें उनकी कोई गतिविधि दिखाई नहीं दी। मौका पाते ही उन्होंने अलमारी का लॉकर खोल लिया और उसमें रखे 7 तोले सोने और लगभग पौना किलो चांदी के जेवर चुरा लिए। इसके बाद ताला ठीक होने के बाद वहां से चले गए। लगभग आधा घंटे बाद जब उन्होंने अलमारी को संभाला तो देखा कि सोने-चांदी के जेवर गायब है। उन्होंने उन दोनों की आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

---

# लायंस क्लब ने लगाया नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

लायन्स क्लब द्वारा मंगलवार लायन सेवा सदन में लक्ष्मी नारायण शांति देवी मैमोरियल ट्रस्ट के प्रधान गोबिंद राम गोयल के सहयोग से नेत्र जांच एवं आप्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर में लायन चन्द्रशेखर महता पीडीजी, लायन हरदीप सरकारिया पीडीजी व लायन संजय गांधी फर्स्ट वीडीजी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में वेणु आई अस्पताल नई दिल्ली के चिकित्सकों की टीम द्वारा नेत्र रोगियों के जांच व आप्रेशन के लिए पहुंची। शिविर में 180 मरीजों ने अपनी नेत्र जांच करवाई। जिनमें से 35 मरीजों को सफेद मोतियाबिंद के आप्रेशन के लिए दिल्ली ले जाया गया। इस अवसर पर लायन सुरेश बंसल, लायन ज्ञान पोपली, लायन अशोक बंसल, सुरेन्द्र बांगा, लुकेश भुटानी, जुगल ग्रोवर, दीपक मित्तल, भूषण मेहन्दीरत्ता, अशोक भुटानी, संजय बंसल, गोपाल कृष्ण मुंजाल, मदन पाहवा आदि उपस्थित थे।



हांसी। नेत्र जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक उनके साथ हैं हांसी लायंस क्लब के सदस्य।

# जजपा ने दिया महिलाओं को मान-सम्मान : भ्याणा

- अपने अधिकार व हितैषी को पहचान कर जजपा से जुड़ें महिलाएं : रजनी मलिक
- जननायक जनता पार्टी महिला विंग की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जननायक जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीला भ्याणा ने कहा है कि महिलाओं को मान-सम्मान केवल जजपा ने दिया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की बदौलत ही महिलाओं को वार्ड पंच से जिला पार्षद तक आरक्षण मिला, जिसके चलते हर दूसरी महिला पंचायती राज संस्थाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है।

शीला भ्याणा यहां पार्टी की महिला विंग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए महिलाओं को संबोधित कर रही थी। बैठक में महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक बैठक में मुख्य अतिथि रही। महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक ने इस अवसर पर कहा कि केवल जजपा ही न केवल महिलाओं, बल्कि हर वर्ग की हितैषी है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने हितैषी व अधिकारों को पहचानें और जन नायक जनता पार्टी से जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। इस अवसर पर डॉ. सोनिया बतरा, राजेश कुमारी सरपंच, निर्मला रेड्डू, बाला जुगलान, निर्मला सूर्यनगर, दर्शना लाठर, कमलेश शर्मा व कमलेश उकलाना के अलावा जिला प्रधान अमित बूरा, तरूण गोयल, राजेश झाझड़िया, सत्यवान कोहाड़ व सत्यवान बिचपड़ी सहित अनेक पदाधिकारी व महिलाएं मौजूद रही।



हिसार। बैठक को संबोधित करते महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक।

---

# हकृवि के सात छात्रों को मिली प्लेसमेंट



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में 7 विद्यार्थियों का यंग प्रोफेशनल के पद पर चयन कैंपस प्लेसमेंट के तहत हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस. के. पाहुजा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में चयनित हुए विद्यार्थियों में तान्या वर्मा, गुरपाल सिंह, नमन यादव, सचिन चौधरी, कोमल यादव, स्वाति देसवाल व सोनल शर्मा शामिल हैं। सह-निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

### ओएसजीयू मनाएगा राष्ट्रीय खेल दिवस

**हिसार।** हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त से 31 अगस्त तक ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ.पूनम गोयल ने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस आयोजन की टैगलाइन 'एक घंटा खेल के मैदान में' है, जिसका उद्देश्य युवाओं को शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन 29, 30 और 31 अगस्त तक चलेगा, जिसमें भिन्न भिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए जाएंगे ।

### म्हारी हरी भरी हांसी अभियान

# गांव मसूदपुर में किए दो सौ पौधे किए रोपित




हांसी। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन की सौगात देने के लिए प्रकृति के साथ अच्छी तरह से तालमेल बनाए रखना बहुत आवश्यक है। एसडीएम राजेश खोथ मंगलवार को म्हारी हरी भरी हांसी अभियान के तहत मसूदपुर गांव में चलाए गए पौधरोपण अभियान के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण ने मानव के सामने अनेक गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी है। इनसे निपटने के लिए प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर चलना होगा। प्रकृति ने हमें अनेक अनमोल चीजें दी हैं। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक पौधारोपण करें। एसडीएम ने पौधरोपण कर गांव में अभियान का शुभारंभ किया। गांव में ग्रामीणों ने लगभग 200 पौधे रोपित किए।

---

### गुज्जर-अहीर धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा जारी


# राधा और कृष्ण एक ही तत्व के दो रूप

- श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन राधा जन्म कथा पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पड़ाव चौक स्थित गुज्जर-अहीर धर्मशाला में राधा अष्टमी उत्सव के उपलक्ष्य में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचन करते हुए कथा वाचक आचार्य तरूण कृष्ण शाण्डिलय ने बताया कि श्री राधा जी स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का ही स्वरूप हैं, वे नारायण की ही आभा हैं।

उन्होंने बताया कि समुद्र मंथन के समय जब भगवान ने मोहिनी का रूप लिया, तब सभी देवता उन पर मोहित हो गए। सूर्य देव ने भावना की कि यह मेरी पुत्री बनें। तपस्या के पश्चात सूर्य देव को वरदान मिला और वे वृषभानु जी के रूप में जन्मे। उन्होंने बताया कि मोहिनी रूपधारी भगवान नारायण ने राधारानी के रूप में ब्रज में प्रकट होकर यह सिद्ध किया कि राधा और कृष्ण भिन्न नहीं, एक ही तत्व के दो रूप हैं। आचार्य ने बताया कि राधा ही कृष्ण हैं और कृष्ण ही राधा हैं। यह अद्वैत प्रेम का उच्चतम स्वरूप है। उन्होंने जैसे ही राधा जन्म की कथा सुनाई गई, पूरा क्षेत्र झूम उठा और वातावरण भक्ति रस से भर गया।





हिसार। श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन करते आचार्य तरूण कृष्ण शाण्डिलय व उपस्थित श्रद्धालुगण।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निगम पार्षद मोहित सिंघल, श्याम सुन्दर मारवाड़ी, महावीर यादव मड्डी, चंदन वशिष्ठ, एडवोकेट कृष्ण खटाना, सुनील यादव, राजेंद्र, कपिल गुज्जर, निश्चय शर्मा, मुकेश यादव, टोनी, मंजीत, सुशील, सुमन, निशा, बिमला, नीलम, बबली, भावना, पूनम, कंचन खटाणा व गौतमी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### ठेका हटाने को लेकर डीसी से मिला शिष्टमंडल

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मार्केट का एक शिष्टमंडल प्रधान डॉ. विनोद राजलीवाला के नेतृत्व में उपायुक्त अनीश यादव से मिला। इस शिष्टमंडल में कृष्ण गोयल, राकेश बंसल, देवकीनंदन कौशिक, राजकुमार, महेंद्र गर्ग, अरुण बंसल, संजय गोयल व मार्केट के अन्य दुकानदार शामिल थे।

शिष्टमंडल ने उपायुक्त को मार्केट से शराब ठेका शिफ्ट करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त ने डीईटीसी एक्साइज के पास भेजने पर उन्होंने क्या कहा था, यह पूछने पर विनोद राजलीवाला ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने कहा था कि ठेकेदार को ठेका शिफ्ट करने के लिए बोल दिया है परंतु एक माह से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद सिवाए आश्वासन के कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। उपायुक्त ने डीईटीसी को फोन करके इस समस्या का तुरंत प्रभाव से हल करने के निर्देश दिए व शिष्टमंडल को डीईटीसी से मिलने के लिए भेजा। इसके पश्चात शिष्टमंडल डीईटीसी से मिला।

---

## न्यूज डायरी

### युवक की हत्या मामले में चार दोषी करार

**हिसार।** करीब तीन साल पहले अंडे के पैसों को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले में अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषियों को सजा सुनने के लिए 29 अगस्त की तिथि मुकर्रर की है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार गांव सातरोड निवासी 28 वर्षीय मृतक सतीश के पिता विजय की शिकायत पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने 10 जून 2022 का हत्या का केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका बेटा सतीश अपने दोस्तों के साथ दिल्ली रोड पर एक शोरूम के सामने अंडे खाने गया था। वहां अंडों के पैसों को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर बाद राहुल उर्फ गच्चा, राहुल खबरी, साहिल उर्फ बब्बू और साहिल उर्फ दाड़ी एक बाइक पर वापस आए। राहुल खबरी ने सतीश की छाती पर चाकू से वार किया। इसके बाद साहिल उर्फ दाड़ी ने भी उसी चाकू से सतीश के पेट और पीठ पर हमला किया। साहिल उर्फ बब्बू और राहुल उर्फ गच्चा ने ईंटों से हमला किया। घायल सतीश को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### महिला कर्मचारियों से दुर्व्यवहार, रोष जताया

**हांसी।** महिला थाना पुलिस द्वारा महिला कर्मचारियों से दुर्व्यवहार पर कार्रवाई न होने से कर्मचारियों में रोष को लेकर मंगलवार को सर्व हरियाणा कर्मचारी संघ से ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की सब यूनिट सिटी हांसी की कार्यकारिणी की सब यूनिट प्रधान अमरजीत यादव की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई। मंच का संचालन सचिव राजेश सैनी ने किया। मीटिंग में महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने पर रोष प्रकट किया गया। मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधान अमरजीत यादव ने कहा कि सिटी सब डिवीजन हांसी द्वारा 21 अगस्त को एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी की गई और उस दौरान हमारी यूनियन से संबंधित महिला कर्मचारियों को भी दफ्तर में बंद कर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। मीटिंग में यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा, वरिष्ठ उपप्रधान सतीश शर्मा, सचिव जोनी कुमार, कुलदीप, राजेंद्र कुलाना, सुनील कुमार, नरेंद्र यादव, तरूणा, सीमा आदि सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### ट्रैक्टर की बैटरी चोरी मामले तीन गिरफ्तार

**नारनौंद।** खेड़ी चोपटा पुलिस ने गली में खड़े ट्रैक्टर की बैटरी चोरी मामले में तीन आरोपित युवकों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इनकी पहचान गांव कापड़ो निवासी सुनील, संदीप व सुरेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा में तैनात मुख्य सिपाही संदीप कुमार ने बताया कि तीनों आरोपितों ने 22 अगस्त की रात को गांव कापड़ो निवासी रामनिवास के गली में खड़े ट्रैक्टर की बैटरी व कुछ डीजल तेल चोरी कर लिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले के उक्त तीनों आरोपित काबू कर उनके कब्जे से चोरी किया हुआ सामान तथा वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

### पीयूष और गुरु प्रसाद ने पाया तृतीय स्थान



हिसार। प्रधानाचार्या डॉ. मंजु सुधाकर के साथ विजेता विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों पीयूष और गुरु प्रसाद ने इंटर डीपीएस जीके क्विज़ की ज़ोनल फाइनल राउंड प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि 24 प्रतिष्ठित विद्यालयों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए इन विद्यार्थियों ने अद्धितीय ज्ञान, आत्मविश्वास और धैर्य का परिचय दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ निश्चय और सही दिशा में किए गए प्रयास सदैव श्रेष्ठ परिणाम देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं सामान्य ज्ञान विभागाध्यक्षा ममता कामरा तथा मार्गदर्शक अध्यापकों कौशल तथा रामेंद्र को उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### विचार गोष्ठी प्रतियोगिता में कृषांश रहा प्रथम

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी के आधार पर जज डॉ सीमा बजाज, स्मृति व दीपक शर्मा ने परिणाम घोषित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृषांश, द्वितीय स्थान पर मिष्टी रहे। सांत्वना पुरूस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर दिव्यम रहे।

### उद्यमिता पर करवाई नारा लेखन प्रतियोगिता

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय मंगाली में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए डॉ. विजयन्ती जाखड़ ने डॉ. दयानंद आर्य, डॉ. मंजीत के सहयोग से पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं प्लेसमेंट सेल में उद्यमिता पर पोस्टर निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई। प्रतियोगिता द्वारा विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में सोचने और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### ब्रेन ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन किया

**बरवाला।** होली होम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सुपर ब्रेन टेक्नोलोजी इंडिया के तत्वावधान में ब्रेन ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन किया गया I इसके अंतर्गत कक्षा 6 से 10 वीं के विद्यार्थियों को दिमाग के ढाँचें से अवगत कराने के अलावा स्मृति, एकाग्रता, तार्किक क्षमता, आलोचनात्मक चिंतन और निर्णय लेने के कौशल के विकास के संबध में तकनीकी स्तर पर जानकारी दी गई ।

### दुर्गा शक्ति टीम ने किया छात्राओं को जागरूक

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय की वुमेन सेल द्वारा छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कन्वीनर डॉ. सुमंगला वशिष्ठ एवं को-कन्वीनर डॉ. रेनू राठी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हेड कॉन्स्टेबल नीरू, दुर्गा शक्ति टीम की हेड, ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण एवं डायल 112 के बारे में जानकारी दी और आत्मरक्षा के उपाय बताए।

### भुम्बक ने सीएम नायब सैनी का जताया आभार

**हिसार।** अखिल वाल्मीकि महापंचायत हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष तथा सेवानिवृत्त मुख्य लेखा अधिकारी बलबीर सिंह भुम्बक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चपरासी तथा अन्य सभी चतुर्थ श्रेणी पदों के रोस्टर रजिस्टर को एक करने का निर्णय वास्तव में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा बनने के बाद पहली बार ऐसा आदेश लागू हुआ है।

### डीएससी वर्गीकरण को लेकर बैठक आयोजित

**हिसार।** राजगढ रोड़ पर स्थित संत कबीर छात्रावास में डीएससी वर्गीकरण लागू करने बारे में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में डॉ. महीपाल, डॉ. नीरज नागर, डॉ. कृष्ण बुंदेला ने भाग लिया। बैठक में कई विषयो पर चर्चा की गई है। बैठक में एग्रीकल्चर एसोसिएशन सीएससी हरियाणा कार्यकारिणी का गठन किया।

---

## मॉडल टाउन, यति नगर जैसी पॉश कॉलोनियों व दुकानों में घुसा पानी

# चंद घंटों की बरसात से हांसी फिर हुआ जलमग्न, हर तरफ नजर आया पानी

बरसात नहीं होने से सूख रही फसलों विशेष रूप से जीरी की फसल को अच्छा-खासा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

लंबे अरसे के बाद हांसी उपमंडल में सोमवार शाम और मंगलवार सुबह से रुक रुक कर हो रही बरसात ने प्रशासनिक अधिकारियों के बरसाती पानी की निकासी के दावों की पोल खोल कर रख दी। दो दिन की बरसात से जहां शहरवासियों को गर्मी ओर उमस से राहत मिली लेकिन शहर में हुए जलभराव ने उनकी दिक्कतों को बढ़ा दिया।

वहीं बरसात नहीं होने से सूख रही फसलों विशेष कर जीरी की फसल को अच्छा खासा फायदा होगा। उधर दो दिन की बरसात ने शहर में बरसाती पानी की निकासी के लिए खर्च किए गए करोड़ों रुपये के दावों की पोल खुल गई। बरसात के बाद शहर के अधिकांश हिस्सों मे पानी भर जाने के चलते शहर में बाढ जैसे हालात नजर आए। बरसात के बाद एक बार फिर शहर की करीब दो दर्जन से अधिक बस्तियों समेत मॉडल टाउन व यति नगर जैसी पॉश कालोनियों के घरों व पुरानी सब्जी मंडी रोड़ के समीप निचली बस्तियों के घरों व दुकानों में पानी घुस गया जिससे घरों व दुकानों में जमीन पर रखा सामान खराब हो गया। सुबह बरसात और जलभराव के चलते अभिभावकों को बच्चों को स्कूल पहुंचाने में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ा।



हांसी। बरसात के बाद श्री काली देवी मंदिर रोड़ पर भरा पानी। *फोटो : हरिभूमि*

### बस स्टैंड परिसर में जमा हुआ डेढ़ फुट पानी


बरसात के बाद बस स्टैंड पर पानी निकासी की व्यस्था ठप होने के कारण बस स्टैंड के अंदर करीब डेढ़ फुट पानी जमा हो गया। बस स्टैंड परिसर में पानी जमा होने के कारण यात्री बस स्टैंड पर बने बूथों तक नहीं पहुंच पाए। जिसके चलते बस चालकों को बसें बूथों पर लगाने की बजाय बस स्टैंड गेट के बाहर शहर के अंदर से गुजरने वाले राजमार्ग पर ही खड़ा कर यात्रियों को बैठाना पड़ा। सड़क पर बसों के खड़े होने के चलते बस स्टैंड के सामने सारा दिन जाम की स्थिति बनी रही। राजमार्ग पर जाम से निजात दिलाने के ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सारा दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ी, इसके बावजूद भी बस स्टैंड के सामने दिन भर जाम लगता रहा। बरसात से शहर में महिला महाविद्यालय रोड़, अंबेडकर चौक, पुरानी ऑटो मार्केट, हिसार चुंगी, वकील कालोनी, आर्य नगर, विकास नगर, रुपनगर कालोनी, चारकुतुब गेट, हाजी सराय रोड़, उमरा गेट, चारकुतुब गेट, बजरंग आश्रम रोड, भगत सिंह रोड़, श्याम बाबा मंदिर रोड, जगदीश कॉलोनी, मुल्तान कालोनी, इंद्रा कालोनी, यति नगर, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, मॉडल टाउन, श्री काली मंदिर रोड़ सहित 2 दर्जन से अधिक कालोनियों में जलभराव की स्थिति बनी रही।



नारनौंद। गांव राजथल के सरकारी स्कूल के बाहर पानी में गुजरते हुए छात्र।

### बारिश से लोगों का जनजीवन बेहाल

**नारनौंद।** पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग घर पर ही रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। पशुओं के हरे चारे के पड़े लाले। फसलों को भी हुआ नुकसान। वहीं स्कूली छात्र भी सड़कों पर पानी भरा होने के कारण पानी में से ही गुजर कर स्कूल जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसानों की फसलें भी खराब होने के कगार पर पहुंच गई है। बाजरा और मक्की की फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है। धान की फसल में भी ज्यादा पानी होने के कारण फसल गिरनी शुरू हो गई है। ऐसे ही बारिश रही तो धान की फसल भी खराब होने के कगार पर हैं। किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीर साफ देखी जा सकती हैं। स्कूली छात्र संदीप,अनिल, अजमेर, कपिल, सौरभ ने बताया कि सड़कों पर पानी भरा होने के कारण उन्हें अपने जूते को हाथों में लेकर पानी में से गुजर कर पढ़ाई के लिए स्कूल में जाना पड़ रहा है। अगर बारिश ऐसे ही चलती रही तो स्कूलों में भी पानी भर जाएगा।



हांसी। फर्नीचर को पानी से बचाने के लिए ढका गया फ्लेक्स बोर्ड। *फोटो : हरिभूमि*

## हाउस टैक्स विभाग की छत से टपका पानी

■ नगर परिषद में रिकॉर्ड भीगा कार्यालय में रुका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहर में सोमवार शाम से जारी भारी बरसात ने नगर परिषद कार्यालय की खस्ता हालत को फिर उजागर कर दिया है। सोमवार देर रात से हो रही बरसात के चलते परिषद की छतों ने जवाब दे दिया और मंगलवार सुबह जब नगर परिषद कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो उन्हें हाउस टैक्स ब्रांच सहित कई कमरों की छत से पानी टपकता मिला।

बरसात के चलते छत टपकने की वजह से कमरों में मेज पर रखी फाइलें व सरकारी रिकॉर्ड भीग गया। इसके बाद नप कर्मचारियों ने आनन-फानन में तिरपाल और पुराने बैनरों से छत को ढककर फाइलों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बचाने की कोशिश की। बावजूद इसके कई कंप्यूटरों और दस्तावेजों तक पानी पहुंच गया।

### वाइस चेयरमैन ने जताई नाराजगी

नगर परिषद वाइस चेयरमैन अनिल बंसल ने बताया कि नगर परिषद की बिल्डिंग पूरी तरह से कंडम हो चुकी है। इस बिल्डिंग की दयनीय स्थिति की जानकारी करीब 20 दिन पहले ही नगर आयुक्त को मौके पर दिखा दी गई थी, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

### कामकाज रहा ठप

बरसात की वजह से छतों से लगातार पानी टपकने से विभागीय कामकाज पूरी तरह ठप हो गया और अपने काम के लिए कार्यालय में आने वाले लोग परेशान होकर लौट गए। कर्मचारियों का कहना है कि इससे पहले भी दो कमरों की छत के हिस्से गिर जमीन पर गिर चुके हैं, मगर इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

---

## अग्रोहा महाराजा अग्रसेन की धर्मनगरी

■ अग्रोहा धाम मेले को लेकर बैठक में किया गया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक अग्रोहा के विकास व वार्षिक मेले की तैयारी पर विचार किया गया।

गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में माता लक्ष्मी जी व महाराजा अग्रसेन जी का शक्ति पीठ के साथ देश की जनता की आस्था जुड़ी हुई है। अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की धर्मनगरी व भाईचारे का प्रतीक है। 7 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में वार्षिक मेला लगेगा और 28 अक्टूबर से 5 नवंबर व 7 नवंबर से 15 नवंबर तक दो कथाएं जिसमें भागवत कथा व श्री राम कथा का भव्य अयोजन होगा। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, निर्माण समिति के राष्ट्रीय संयोजक ऋषि राज गर्ग, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल, अग्रोहा ब्लॉक के युवा प्रधान रवि सिंगला, सीए आशीष सिंगला, महेश अग्रवाल मथुरा, लखन बंसल दिल्ली, अग्रवाल सभा प्रधान ब्रह्मानंद गोयल भट्टू, निरंजन गोयल आदि प्रतिनिधि ने अपने विचार रखे।



हिसार। अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### चोरी मामले में दूसरे आरोपी को जेल भेजा

**बरवाला।** एंटी बर्गलरी एंड व्हीकल थेफ्ट टीम ने गांव बनभौरी में हुई चोरी के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरवाला निवासी संदीप के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए इस आरोपी संदीप को हिसार अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी संदीप 28/29 जुलाई 2025 की रात गांव बनभौरी में हुई चोरी की वारदातों में शामिल था। उसने इन वारदातों से कुछ दिन पहले गांव जाखोद खेड़ा स्थित एक मकान से भी आभूषण चोरी किए थे।

## हर्षोल्लास से मनाया हरितालिका तीज पर्व

■ महिलाओं ने अपनी संस्कृति और वेशभूषा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रवासी नेपाली संघ, भारत के नगर महिला विभाग द्वारा देवी अधिकारी की अध्यक्षता में महिलाओं का पर्व हरितालिका तीज नेपाली परम्पराओं के अनुसार विद्युत नगर के कम्यूनिटी सेंटर में हर्षोल्लास के साथ मनाना गया।

कार्यक्रम का संचालन लेखमाया राना ने किया। मुख्यातिथि केंद्रीय समिति के सचिवालय सदस्य एवं लेखा प्रमुख रविलाल घिमिरे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी संस्कृति और अपनी वेशभूषा का प्रदर्शन कर लोक नृत्य प्रस्तुत किया और इसके माध्यम से हरितालिका तीज पर्व की महानता को दर्शाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सचिवालय सदस्य गीता घिमिरे, केंद्रीय समिति सदस्य अमर केसी, संतराज अधिकारी, राज्य समिति उपाध्यक्ष सुमित्रा अधिकारी, राम सिंह केसी, लीलापति न्यौपाने, जोगीराम राना, चंद्र बहादुर बुढा, छविलाल न्यौपाने, विष्णु देवी घिमिरे आदि उपस्थित रहे।



हिसार। हरितालिका तीज पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती महिलाएं।

---

## 61,500 की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

■ घरेलू सामान बेचने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

साइबर अपराधों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने एक ऑनलाइन ठगी मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फतेहाबाद जिले के कांताखेड़ी निवासी राजविंद्र सिंह उर्फ गुरविंद्र के तौर पर हुई है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी कि वह प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हैं। गत 2 मार्च को उनकी फेसबुक के माध्यम से आशीष कुमार नामक व्यक्ति से बातचीत हुई। उसने स्वयं को राजस्थान में सीआरपीएफ में कमांडेंट पद पर तैनात बताकर दक्षिण भारत में स्थानांतरण का हवाला दिया और कहा कि उसके पास टीवी, एसी, आरओ, वॉशिंग मशीन, डाइनिंग टेबल आदि घरेलू सामान है, जिसे वह बेचना चाहता है। शिकायतकर्ता ने बताए अनुसार सौदा तय कर 3 मार्च को गूगल पे के माध्यम से 20 हजार रुपये और 5 मार्च को 41,500 रुपये आरोपी द्वारा दिए गए मोबाइल नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के बाद आरोपी का फोन बंद हो गया और कोई संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि वह ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए हैं।

## महिलाओं का स्वास्थ्य समाज की प्रगति की आधारशिला : राजविंदर

■ महिला अधिवक्ताओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला बार एसोसिएशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में महिला अधिवक्ताओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की मेजबानी फ्लोवेल की संस्थापक राजविंदर ने की। कार्यक्रम में महिला अधिवक्ताओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और पारंपरिक विकल्पों की तुलना में पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राजविंदर ने लाइव प्रदर्शन के माध्यम से प्रतिभागियों को यह भी बताया कि ऐसे उत्पाद न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं बल्कि प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट कम करके पर्यावरण की रक्षा में भी सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर राजविंदर और सभी महिला अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और स्वच्छता समाज की प्रगति की आधारशिला है।

यदि हम पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाते हैं तो यह न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पूरी मानवता और आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी होगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान महिला अधिवक्ताओं ने विषय पर कई सवाल पूछे जिनका समाधान विशेषज्ञों ने व्यावहारिक उदाहरणों और वैज्ञानिक तथ्यों के साथ किया। इस मौके पर महिला अधिवक्ता सोनिया गुप्ता, सुदेश कुमारी, बीनू रानी, शीला राठी, कविता, रेणु मलिक, दर्शना, पूनम, मुस्कान, दीक्षा, कुसुम प्रजापति, सीमा, सूरजमुखी, आशा, सुमन,प्रवीण कुमारी, प्रतिभा, तनीषा और ओशिन सैनी आदि उपस्थित रहीं।



हिसार। समस्त पंजाबी खत्री सभा के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## महेंद्र ठकराल बने समस्त पंजाबी खत्री सभा प्रधान

**हिसार।** पटेल नगर में पंजाबी धर्मशाला की समस्त पंजाबी खत्री सभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समस्त पंजाबी खत्री सभा से प्रदेश अध्यक्ष राम कामरा व गगन ओबराय ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वदानन्द आर्य के निर्देश पर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सभा का प्रधान महेन्द्र ठकराल को बनाया गया। अमर लाल कुकरेजा को महासचिव, राम भटेजा को कैशियर, दिनेश महता को प्रेस प्रवक्ता, नरेन्द्र भार्गव को सहसचिव व भूषण कालरा को वरिष्ठ सलाहकार बनाया गया है।

---

## विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल खिलाई

■ एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में एक से 19 साल के बच्चों और 20 साल से 24 साल के किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का अभियान चलाया गया।

सीएचसी सीसवाल के अंतगृत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल के निर्देशानुसार ढाणी पीरावाली, न्यौली कलां, न्यौली खुर्द, मात्रश्यम, मिंगनीखेड़ा, सलेमगढ़, मल्लापुर और जाखोद खेड़ा में अभियान चलाया गया। न्यौली कलां के बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता नूर मोहमद के नेतृत्व में ढाणी पीरावाली और न्यौली कलां गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूली विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। कृमि नियंत्रण की दवाई खिलाने के साथ संक्रमण की रोकथाम के लिए विद्यार्थियों को नियमित नाखूनों की सफाई और कटाई, हाथों की सफाई, शौच जाने के बाद और खाने के बाद धोना साफ, ताजा और स्वच्छ भोजन और पानी के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई।



हिसार। बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाते स्कूल स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मी नूर मोहमद। *फोटो : हरिभूमि*

### ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## विभिन्न अपराधों में नौ आरोपी दबोचे

■ अवैध देसी शराब 48 व 5 लीटर कच्ची शराब के साथ 25 लीटर लाहान किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

पुलिस जिला हांसी में मंगलवार सुबह 5 से 9 बजे तक अपराध नियंत्रण के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया है।

ऑपरेशन आक्रमण के दौरान विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 9 आरोपियों को काबू किया गया। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चलाए गए विशेष अभियान मे पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 13 टीमों का गठन किया गया जिसमें 147 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते आबकारी अधिनियम के तहत 6 मामले दर्ज करते हुए उनमें 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 48 बोतल अवैध शराब, 5 लीटर कच्ची शराब व 25 लीटर लाहान बरामद किया गया है।



हांसी। ऑपरेशन आक्रमण के तहत संदिग्ध स्थानों की तलाशी लेते पुलिस कर्मचारी।

### 49 वाहनों के चालान

ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के दौरान यातायात नियमों की अवेहलना करने व लेन चेन्ज ड्राइव, रांग साइड व अन्य नियमों की अवहेलना के तहत 49 वाहनों के चालान किए।

### पुलिस कर्मियों पर हमला करने का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने 12 क्वार्टर एरिया में सात जुलाई की रात को डीजे बंद करवाने गए पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट करने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में चौथे आरोपी भगत सिंह नगर निवासी रोहित उर्फ बच्ची को गिरफ्तार किया गया है। उप निरीक्षक सतपाल ने बताया कि सात जुलाई की रात को 12 क्वार्टर एरिया में डीजे बंद करवाने पहुंची। वहां पर नशे में नाच रहे युवकों ने पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर दिया था। पुलिसकर्मियों को चोटें आई थी। उक्त मामले में पहले तीन आरोपियों हरीश, शुभम उर्फ काकू और शिवा उर्फ घोड़ा को गिरफ्तार किया जा चुका है।